# गर्मी में शहर की सड़कों से गायब रहे पानी के टैंकर

## महापौर की दूरदर्शिता ने बदल दी शहर की सूरत

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** साढ़े पांच लाख से अधिक आबादी वाले खंडवा शहर में इस साल भीषण गर्मी के बावजूद पानी की किल्लत देखने को नहीं मिली। पिछले वर्षों तक जहां मार्च-अप्रैल शुरू होते ही पानी के लिए त्राहिमाम मच जाता था, लोग सड़कों पर उतर आते थे और आए दिन विरोध-प्रदर्शन होते थे, इस बार स्थिति पूरी तरह से सामान्य और सकारात्मक रही।

महापौर अमृता यादव की प्रशासनिक सूझबूझ और दूरदर्शिता के कारण शहर में अमृत-2 योजना के अंतर्गत 137.50 करोड़ के प्रोजेक्ट्स पर युद्ध स्तर पर काम किया गया। इसी का परिणाम है कि इस भीषण गर्मी में भी शहरवासियों को बिना टैंकर सप्लाई के सुचारू रूप से जल मिला।



जलस्त्रोतों का लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते महापौर अमृता यादव

**इन प्रमुख बदलावों से दूर हुई पानी की किल्लत-पुरानी समस्या का स्थायी समाधान-** शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित होने का सबसे बड़ा कारण जीआरपी पाइपलाइन का बार-बार फूटना था। इसे बदलते हुए चारखेड़ा प्लांट से खंडवा फीडर प्लांट तक 37.5 किलोमीटर लंबी नई डीआई पाइपलाइन बिछाई गई है, जिससे लाइन फूटने की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो गई।

**टैलेंट पॉइंट्स (अंतिम छोर) तक पहुंचा पानी-** शहर के ऐसे सुदूर इलाके जहां पानी का प्रेशर नहीं बन पाता था, वहां 2-2 एमएलडी क्षमता की 5 नई पानी की टंकियां बनाई गईं। साथ ही, 27 किलोमीटर का नया डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क बिछाकर उन सभी क्षेत्रों को कवर किया गया जहां पहले पानी नहीं पहुंचता था।

**सुक्ता डब्ल्यूटीपी का कायाकल्प-** सुक्ता से मिलने वाले पानी के लिए 1965 का पुराना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट काम कर रहा था। उसकी जगह 13.6 एमएलडी का नया आधुनिक प्लांट तैयार किया गया है, जिससे शहर को रोजाना 8 से 9 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिल रहा है।

**हाईटेक होगा वाटर सिस्टम स्काडा प्रणाली की तैयारी-**

नगर निगम अब पानी की बर्बादी (वॉटर लॉस) को रोकने के लिए शहर की सभी 9 पुरानी और 5 नई टंकियों सहित मुख्य प्लांट पर स्काडा सिस्टम लगाने जा रहा है। इस ऑनलाइन व्यवस्था से सर्किट हाउस में बैठे-बैठे ही यह मॉनिटर किया जा सकेगा कि कौन सी टंकी कब भरी, कब खाली हुई और पानी का स्तर क्या है। इससे पानी ओवरफ्लो होकर बहने की समस्या पूरी तरह रुक जाएगी।



2-2 एमएलडी क्षमता की नई पानी की टंकियां जिनसे जल का सप्लाय किया गया

### जिम्मेदार बोले... किराये पर नहीं लेना पड़े टैंकर...

-इस बार पूरी गर्मी में नगर निगम को कोई भी प्राइवेट टैंकर किराए पर नहीं लगाना पड़ा। केवल निगम के अपने 3 टैंकरों का उपयोग पार्षदों की मांग पर इक्का-दुक्का जगहों पर किया गया। खंडवा के इतिहास में यह एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव है।- **अमृता यादव, महापौर**

इस ऐतिहासिक सुधार के बाद खंडवा में पानी को लेकर होने वाली राजनीति और जनता की परेशानियां गुजरे जमाने की बात बनती नजर आ रही हैं, जिसके लिए स्थानीय प्रशासन और नेतृत्व की जमकर सराहना हो रही है।

---

## हरियाणा पहुंची 13 वर्षीय बालिका सुरक्षित परिवार को सौंपी



**खंडवा।** हरसूद थाना क्षेत्र की 13 वर्षीय नाबालिग बालिका, जो घर से घूमने के उद्देश्य से निकल गई थी, विभिन्न राज्यों की पुलिस एवं बाल कल्याण समितियों के समन्वित प्रयासों से सुरक्षित रूप से अपने परिवार तक पहुंच गई। यह मामला बाल संरक्षण तंत्र की सक्रियता और संवेदनशील कार्यप्रणाली का उदाहरण बनकर सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बालिका 2 जून को हरसूद से निकलकर इटारसी पहुंची और वहां से हरियाणा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। हरियाणा पहुंचने पर स्थानीय पुलिस ने उसे अकेले घूमते हुए देखा और पूछताछ की। नाबालिग होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसे संरक्षण में लेकर विधिसम्मत कार्रवाई की। बाद में आवश्यक समन्वय स्थापित कर बालिका को उसके परिजनों सहित बाल कल्याण समिति खंडवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बालिका और उसके परिजनों की काउंसलिंग की। काउंसलिंग में सामने आया कि बालिका किसी प्रकार के शोषण या अपराध का शिकार नहीं हुई थी, बल्कि घूमने की इच्छा से घर से निकली थी। आवश्यक मार्गदर्शन और समझाइश के बाद समिति ने उसे उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान समिति सदस्य कविता पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी टीका सिंह बिल्लौरे, पुष्पेंद्र सिंह मंडलोई एवं धर्मेंद्र चौहान मौजूद रहे। प्रवीण शर्मा ने कहा कि बच्चों के साथ संवाद, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव उन्हें सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करें : सांसद पाटिल

### दिशा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**खण्डवा।** खण्डवा संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की उच्च स्तरीय बैठक में विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने दो टूक शब्दों में अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंच सके। इसके साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गति को तत्काल बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए।

सांसद पाटिल ने केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा निमाड़ अंचल के राष्ट्रीय राजमार्गों के कायाकल्प के लिए 4,415.60 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। इस राशि से एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड की 125.01 किलोमीटर मौजूदा लेन को पक्की शोल्डर मानक वाली टू-लेन में और देशगांव-जुलवानिया खंड की 108.643 किलोमीटर लेन को फोरलेन में अपग्रेड किया जाएगा। सांसद ने कहा कि इस सुदृढ़ मार्ग के तैयार होने से निमाड़ के नागरिकों का सफर बेहद आसान होगा और उनके समय की भारी बचत होगी।

किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सांसद ने उप संचालक कृषि श्री नीतेश यादव को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण के लिए 'ई-टोकन' प्रणाली का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने इसके लिए गांव-गांव में किसानों की चौपालें आयोजित कर पंजीयन प्रक्रिया समझाने के निर्देश दिए। किसान अपने मोबाइल से बलराम एप या कृषि विभाग की वेबसाइट के जरिए घर बैठे आसानी से ई-टोकन जनरेट कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक 20 हजार से अधिक किसान ई-टोकन का लाभ उठाकर 7,934 मैट्रिक टन उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं। जल जीवन मिशन और जल निगम की योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि पेयजल पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों को संबंधित विभाग तुरंत रिपेयर करे। उन्होंने साफ कहा कि गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले और सुस्त ठेकेदारों को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए तथा उन पर भारी अर्थदण्ड भी लगाया जाए। इस पर कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक ठेकेदार की दो-दो पेयजल योजनाओं का निरीक्षण संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के माध्यम से कराकर रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधार करा दिए गए हैं।शिशु स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए सांसद पाटिल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को सख्त हिदायत दी कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों में क्षमता के अनुरूप शत-प्रतिशत कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उनका उपचार किया जाए और केंद्रों में एक भी पलंग खाली न रहे। बैठक के अंत में उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, मत्स्य विकास एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार गहन समीक्षा की। पंधाना विधायक छाया मोरे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा और जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं आला अधिकारी मौजूद रहे।



## बारिश और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस का जनसंवाद

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को संभावित जलभराव, बाढ़ और कानून व्यवस्था संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के जलभराव प्रभावित गांवों, अ वर्ग के गांवों तथा एससी-एसटी हॉटस्पॉट क्षेत्रों में आमजन से संवाद किया।



इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मूंदी मनोहर गवली ने थाना नर्मदानगर चौकी पुनासा अंतर्गत ग्राम उदयपुर में जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं मूंदी, खालवा, किल्लौद, पंधाना, पदमनगर, छैगांवमाखन सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपने क्षेत्रों में लोगों से चर्चा की।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों को वर्षा के समय जलभराव वाले क्षेत्रों से सावधानी बरतने, आपदा की स्थिति में प्रशासन एवं पुलिस से संपर्क बनाए रखने तथा बाढ़ जैसी परिस्थितियों में सहयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने, शासन के निर्देशों का पालन करने और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानकारी दी गई। पुलिस ने साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, यातायात नियमों और महिला सुरक्षा संबंधी अपराधों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आज ग्राम सभाएं

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत आयोजित होने वाली इन ग्राम सभाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत पदाधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों, स्वच्छाग्रहियों, महिलाओं, युवाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों सहित सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन गौड़ा ने बताया कि ग्राम सभाओं में जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी से बचाव, सामुदायिक सहभागिता, जैव विविधता संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा होगी। इसके अलावा गांवों की सार्वजनिक जगहों और जल स्रोतों की स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, घरों में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण तथा वॉश ऑन व्हील सेवा के संबंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ग्राम सभाओं का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

## मानवाधिकार आयोग सदस्य का खालवा ओंकारेश्वर दौरा आज

**खंडवा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो 5 जून को खंडवा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुब हरदा से रवाना होकर दोपहर खालवा पहुंचेंगे। शाम को खंडवा में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में वे मानवाधिकार से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे। बैठक में पुलिस, जिला पंचायत, नगर निगम, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उद्योग, मत्स्य, पशु चिकित्सा, सहकारिता, सामाजिक न्याय, जेल, आईटीआई तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के बाद श्री कानूनगो ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगे।

## सीट विवाद में बस पर पथराव ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** इंदौर से बुरहानपुर जा रही एक यात्री बस में सीट को लेकर शुरू हुआ विवाद पंधाना थाना क्षेत्र के डूल्हार फाटा पर हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि उमरदा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच और बस हेल्पर के बीच सीट खाली कराने को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद पूर्व सरपंच ने अपने परिचितों को मौके पर बुला लिया।

रात करीब 9 बजे बस के डूल्हार फाटा पहुंचते ही कुछ लोगों ने बस को घेर लिया और चालक, कंडक्टर तथा हेल्पर के साथ मारपीट की। उपद्रवियों ने बस पर पथराव भी किया, जिससे सामने के कांच टूट गए। घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं और बच्चे दहशत में आ गए तथा बस करीब एक घंटे तक मौके पर खड़ी रही।सूचना मिलने पर पंधाना थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद बस को बुरहानपुर के लिए रवाना किया गया।पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मारपीट और बस के कांच तोड़े जाने की बात सामने आई है। हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल किसी पक्ष ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एंजेल्स प्लैनेट स्कूल में जिला स्तरीय सीटी-एआई प्रशिक्षण कल

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सीबीएसई द्वारा स्थानीय एंजेल्स प्लैनेट स्कूल को डिस्ट्रिक्ट लेवल डेलिबरेशन ऑन कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एंड अंडरस्टैंडिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए जिले का लीड स्कूल चुना गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ ही विद्यालय परिसर में 6 जून को सुबह 9:00 बजे से एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में खंडवा शहर और आसपास के सभी सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के शिक्षक, प्राचार्य और तकनीकी प्रतिनिधि मुख्य रूप से भाग लेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण कार्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी व सुरक्षित उपयोग, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (गणनात्मक सोच) और नवाचार आधारित आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने के व्यावहारिक उपायों पर भी विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रहेगी कि इसमें सहभागी शिक्षकों द्वारा विभिन्न केस पेपर और शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके माध्यम से अलग-अलग विद्यालयों के शिक्षकों को अपने ज़मीनी शैक्षणिक अनुभवों और शिक्षण की अनूठी पद्धतियों को एक-दूसरे के साथ साझा करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन तकनीकों, एआई टूल्स और आधुनिक वैश्विक दृष्टिकोण से पूरी तरह अवगत कराना है। इससे शिक्षक स्वयं को अपग्रेड कर सकेंगे, जिसका सीधा लाभ स्थानीय विद्यार्थियों को मिलेगा और वे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों व अवसरों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।

### रोजगार मेले में 265 आवेदको का चयन हुआ

**खंडवा।** शासकीय आई टी आई खंडवा में गुरुवार को युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि इस मेले में 6 कम्पनियो ने भाग लिया और कुल 265 आवेदको का चयन कर उनको ऑफर लेटर प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि इस मेले के लिए कुल 345 आवेदको ने अपना पंजीयन कराया था।

**अभियान** एक पेड़ मां के नाम अभियान को फिर कर रहे क्रियांवयन...

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आज से पौधारोपण अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के सभी विकासखंडों और नगरीय निकायों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में पीपल, नीम, बरगद और आम जैसे पौधों के रोपण पर विशेष जोर रहेगा।कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 2.0 के तहत तैयार कंटूर ट्रेंच और गड्ढों में 21 जून से पहले वन विभाग के सहयोग से पौधारोपण कराया जाए। वहीं, ओंकारेश्वर क्षेत्र में 5 से 21 जून तक सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में विद्यार्थियों से सीड बॉल तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। 16 से 20 जून के बीच विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक सीड बॉल बनाई जाएंगी, जिनका 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छिड़काव किया जाएगा। वर्षा ऋतु में स्कूलों के आसपास की अनुपयोगी भूमि पर इन सीड बॉल का उपयोग कर नए पौधे विकसित किए जाएंगे।

